हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 9 मार्च 2026


तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री





11 विश्व महिला दिवस पर नपा अध्यक्ष ने गिनाई अपने एक ...


12 सीएम ने पूछा : महतारी वंदन योजना राशि का सदुपयोग ...


## खबर संक्षेप

### सिवनीकला में भागवत महापुराण आज से

**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला में सागर गौ सेवा केंद्र के समीप धर्मप्रेमी परिवार द्वारा 9 से 16 मार्च तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन किया गया है।



कथावाचक राष्ट्रीय प्रवक्ता रूचिता तिवारी व्यासपीठ पर विराजमान होंगी। कथा दोपहर 2 बजे से शुरू होगी। 9 मार्च को लगभग 3 बजे भव्य कलशयात्रा निकाली जायेगी। यह जानकारी टकेश्वर चंद्राकर, दीपदान साहू उपसरपंच सिवनीकला ने दी।

### 10 से 15 मार्च तक हैप्पीनेस प्रोग्राम

**धमतरी।** शहर के रत्नाबांधा रोड स्थित कबीर आश्रम सीनेट सिटी के पीछे 10 से 15 मार्च तक आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन सुबह 6 बजे से 9 बजे तक किया गया है।

### परसाबुड़ा में 10 से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह

**मगरलोड।** ग्रामीण साहू समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम परसाबुड़ा में 10 मार्च से 18 मार्च तक श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है।



कथा वाचक देवेश तिवारी जतमई होंगे। कार्यक्रम सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक और 3 बजे से हरि इच्छा तक होगी। दोपहर 1 बजे से 2.30 तक मां कौशिल्या भंडार महाप्रसाद भोजन का व्यवस्था होगी। प्रथम दिवस 18 मार्च को कलश यात्रा, देव स्थापना, गौकरण महात्म कथा, 11 मार्च को नारद भक्ति, सुखदेव परीक्षित जन्म, हिरणक्ष वध, 12 मार्च को कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र, 13 मार्च को नर्क वर्णन, अजामिल कथा, गजेंद्र मोक्ष, 14 मार्च को समुन्द्र मंथन, रामावतार, कृष्ण अवतार, 15 मार्च को बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा, रुक्मणि विवाह के साथ संत माता कर्मा की जयंती मनाई जायेगी। 16 मार्च को कृष्ण अनन्य विवाह, राजसूयज्ञ, सुदामा चरित्र, 17 मार्च को परीक्षित मोक्ष, शोभायात्रा, 18 मार्च को गीता पाठ, पूर्णाहुति, कपिल तर्पण यज्ञ के साथ कथा का समापन होगा।

### रेलवे पटरी से बढ़ी किसानों की परेशानी

- बठेना में अंडरब्रिज की मांग तेज

**धमतरी।** शहर के बठेना वार्ड में बिछाई जा रही रेलवे पटरी अब स्थानीय किसानों और वार्डवासियों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। खेतों तक आने-जाने का रास्ता बाधित होने से लोगों ने रेलवे लाइन के नीचे अंडरब्रिज निर्माण की मांग उठाई है। इस समस्या को लेकर सोमवार को जेल परिसर में महापौर रामू रोहरा और रेलवे प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में बैठक हुई। शनिवार की सुबह महापौर वार्डों के निरीक्षण के दौरान बठेना पहुंचे, वार्डवासियों ने उन्हें अपनी समस्या बताई। कहा कि एक ओर जेल प्रशासन द्वारा बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है और दूसरी ओर रेलवे पटरी बिछाई जा रही है, जिससे खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। उनका कहना है कि जहां अंडरब्रिज बनाया गया है, वह स्थान उपयुक्त नहीं है क्योंकि अधिकांश किसानों की जमीन पटरी के दूसरी ओर है। इसी तरह ग्राम संबलपुर के ग्रामीण भी इसी समस्या से जूझ रहे हैं। यहां रेलवे ट्रैक बनने से लगभग 350 एकड़ कृषि भूमि तक पहुंच प्रभावित होने की आशंका है। महापौर रामू रोहरा ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर के मंडल रेल प्रबंधक को पत्र लिखकर 2.5 मीटर ऊंचे अंडरब्रिज निर्माण की मांग की है।

# अंतरज्यीय वन्यप्राणी तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

## टाइगर रिजर्व एंटी पोचिंग टीम के शिकंजे में छुरा के दो आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम ने अंतर्राज्यीय वन्यप्राणी तस्करी गिरोह का भंडाफोड किया है। तेंदुए की खाल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार आरोपियों को 14 दिन की रिमांड पर जेल भेजा गया है।

टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम ने 5 मार्च को गोपनीय सूचना के आधार पर रायपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी स्थित तौरेंगा वनोपज जांच नाका पर वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान रायपुर से देवभोग की ओर जा रही मारूति सुजुकी इको सीजी 04 पीटी 2966 की तलाशी लेने पर वाहन में तेंदुए की खाल मिली। तेंदुए की आधी खाल बिना सिर और पंजे के बरामद की गई। मौके पर वाहन जब्त किया गया।

वन विभाग ने जानकारी दी है कि जब्त कार में सवार जमरसाय 55 वर्ष कटेलपारा छुरा तथा वाहन चालक तरूण नेताम 21 वर्ष कांटाखुसरी छुरा को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों ने तेंदुआ खाल की अवैध तस्करी करना स्वीकार किया है।

यह पूरी कार्रवाई पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अरूण पांडे, पीसीएफ वाइल्ड लाइफ सतोविशा समाजदार, टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन के मार्गदर्शन में की गई। छग पुलिस, साइबर सेल और वन परिक्षेत्र उत्तर उदंती मैनपुर वन अमले का विशेष सहयोग रहा।



### दो आरोपियों की तलाश जारी

यूएसटीआर के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि कटेलपारा छुरा के आरोपी जमर साय की निशानदेही पर ओडिशा के मंगलू मांझी 60 वर्ष ग्राम पंचमपुर नुआपाड़ा ओडिशा को पूछताछ के लिए पकड़ा गया है। उसने जुलाई 2025 में बिजली करंट से वन्यप्राणियों का शिकार करना बताया है। इस प्रकरण में फरार दो अन्य आरोपी की पतासाजी की जा रही है। इसके लिए एंटी पोचिंग टीम टाइगर रिजर्व के 50 किमी बाहर एरिया का विशेष सर्च अभियान चलाएगी।

## पचास प्रतिशत से कम अपार आईडी बनाने वाले स्कूलों को थमाया गया नोटिस

# सरकारी स्कूलों में 98% बनी अपार आईडी, प्राइवेट स्कूलों में हालत खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सरकारी स्कूलों के 98 प्रतिशत छात्रों की अपार आईडी बन चुकी है। प्राइवेट स्कूल इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय ने इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले 7 स्कूलों को नोटिस थमाया है। इन स्कूलों में 50 प्रतिशत से कम छात्रों की अपार आईडी बनी है। नोटिस के बाद भी स्कूलों द्वारा अपार आईडी बनाने में ध्यान नहीं दिया जाता है तो उनकी मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

छात्रों को डिजिटल पहचाने देने और प्रमाणपत्रों को डिजिटल रूप से कैरी करने की सुविधा देने के लिए हर छात्र की अपार आईडी बनाई जा रही है। इस आईडी के जरिए छात्रों को यूनिक पहचान मिलेगी। हर छात्र की एक यूनिक आईडी होगी। अब तक सरकारी स्कूलों में अपार का काम 98 प्रतिशत तक हो चुका है, लेकिन प्राइवेट स्कूल इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई बार समझाइश के बाद भी कुछ स्कूलों ने इस ओर ध्यान ही दिया है। स्थिति को देखते हुए शिक्षा अधिकारी द्वारा इन स्कूलों को नोटिस थमाया गया है। चेतावनी भी दी गई है कि यदि उनके द्वारा अपार आईडी बनाने में ध्यान नहीं दिया जाता है तो उनकी मान्यता समाप्त की जा सकती है।

### एमबीयू में समस्या

अपार आईडी बनाने के बाद उसे आधार और बैंक से लिंक किया जाना है। सबसे बड़ी समस्या इसी काम में आ रही है। बड़ी संख्या में छात्रों का आधार और बैंक खाता में नाम सहित अन्य जानकारी मैच नहीं हो रही है। अब तक 81 प्रतिशत छात्रों का ही एमबीयू यानी बायोमेट्रिक अपडेशन हो पाया है। स्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में शिविर लगाकर आधार कार्ड में सुधार और बायोमेट्रिक अपेडेशन का काम किया जा रहा है।



### सीधे खाते में आएगी छात्रवृत्ति

अपार, आधार और बैंक खाता लिंक होने से सबसे ज्यादा फायदा छात्रों और उनके पालकों को होगा। छात्रवृत्ति सहित अन्य आर्थिक लाभ सीधे छात्रों के खाते में डाला जा सकेगा। यही नहीं यही नहीं अपार आईडी को डिजिलॉकर से लिंक किया गया है। इस सुविधा से छात्र मोबाइल, लैपटाप या कम्पयूटर में ही अपना सभी दस्तावेज सुरक्षित रख पाएंगे। जिसे वे कहीं पर खोलकर उपयोग कर पाएंगे। इन दस्तावेजों को मूल दस्तावेज के बराबर मान्यता दी जाती है।

### छात्रों की होगी पहचान

अपार आईडी कार्ड हर छात्र की यूनिक पहचान है। इसके आधार पर अधिकारी ट्रेस कर पाएंगे कि छात्र किस स्कूल में पढ़ रहा है। वह स्कूल छोड़ देगा तो आसानी से उस तक पहुंचा जा सकेगा। वह दूसरे स्कूल में दाखिला लेता है या ड्राप करता है, तो इसकी जानकारी अधिकारियों को हो जाएगी। आरटीई के तहत जिन छात्रों का दाखिला होता है, उन्हें भी आसानी से ट्रेस किया जा सकता है। शायद यही कारण है कि प्राइवेट स्कूल इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## बारहवीं की अंग्रेजी परीक्षा का शंका समाधान करेंगे विषय विशेषज्ञ



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कक्षा बारहवीं की अंग्रेजी की परीक्षा 10 मार्च को होने वाली है। इस परीक्षा को लेकर छात्रों का शंका समाधान करने के लिए विषय विशेषज्ञ श्रीमती उज्ज्वला अम्बास्था, डॉ गीता तनवानी, श्रीमती पापिया बनर्जी, सुश्री अंजु सूद 9 मार्च को हेल्पलाइन में उपस्थित रहेंगी।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी परीक्षा के दौरान छात्रों को आ रही समस्या का समाधान करने के लिए हेल्पलाइन का संचालन किया जा रहा है। यह हेल्पलाइन परीक्षा से एक पहले ही शुरू कर दी गई है। हेल्पलाइन समन्वयक डॉ प्रदीप साहू ने बताया कि यह हेल्पलाइन मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती रेणु पिल्ले, सचिव श्रीमती पुष्पा साहू के निर्देशन में संचालित की जा रही है। 7 मार्च को संस्कृत, मराठी, उर्दू, पंजाबी, सिंधी, बंगाली, गुजराती, तेलगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, उड़िया विषय के विशेषज्ञ श्रीमती अर्चना तिवारी, श्रीमती अंजलि परिहार, श्रीमती मृदुला वाणी ने परीक्षार्थियों की विषयगत समस्या का समाधान किया। परीक्षार्थी के अलावा पालकों का भी शंका समाधान किया। परीक्षा के पूर्व व परीक्षा के दौरान हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 18002334363 में कुल 877 कॉल का समाधान किया जा चुका है।

# पुलिस ने दो शराब कोचिये को किया गिरफ्तार

## राष्ट्रीय राजमार्ग और बाइपास में बेच रहे थे शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद भी शराब का अवैध कारोबार थम नहीं रहा है। रविवार को फिर पुलिस ने दो लोगों को अवैध रूप से शराब बेचते गिरफ्तार किया। उनके पास से 3870 रुपए की शराब और नगद राशि जब्त की गई।

जिले में अवैध शराब, मादक पदार्थों एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लगातार अभियान चलाकर प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना कुरूद एवं थाना अर्जुनी पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना कुरूद को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एनएच 30 में ग्राम सेनचुवा मोड़ नहर पार के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर गवाहों के समक्ष घेराबंदी कर सेमरा बी निवासी आरोपी कान्हा साहू उम्र 22 साल पिता हरिशंकर साहू उम्र 22 वर्ष को शराब के साथ पकड़ा। उसके कब्जे से 18 पौवा देसी मसाला शराब कीमत 1800 रुपये एवं बिक्री रकम 350 रुपये जब्त की गई। आरोपी पर धारा 34(1) ख आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

दूसरा मामला थाना अर्जुनी क्षेत्र का है। अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम तेलीनसत्ती बाईपास में ओवरब्रिज के नीचे एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और देमार निवासी आरोपी हिरेन्द्र बंजारे उम्र 32 साल पिता फगनुराम को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 17 पौवा देसी प्लेन शराब कीमत 1,360रुपये एवं नगदी रकम 360 रुपये जब्त की गई। उसके विरूद्ध भी धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# महानदी का जल विवाद निबटाने टीम ने बटोरी जानकारियां

- 3 जज सहित 25 सदस्यों की टीम ने गंगरेल, माड़मसिल्ली सहित अन्य जलक्षेत्रों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच महानदी के जल के उपयोग को लेकर चल रहे विवाद का पटाक्षेप करने बनी टीम ने गंगरेल बांध और माड़मसिल्ली बांध का जायजा लिया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने मां अंगारमोती की पूजा की और बोटिंग का भी मजा लिया।

जीवनदायिनी महानदी के जल के उपयोग को लेकर सालों से ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्य के बीच विवाद चल रहा है। इस विवाद के निबटारे के लिए गठित न्यायाधिकरण के 3 जज सहित 25 सदस्यों की केंद्रीय टीम ने रविवार को गंगरेल, माड़मसिल्ली सहित अन्य जलक्षेत्रों का अवलोकन किया। सबसे पहले टीम के सभी सदस्य मां अंगारमोती मंदिर पहुंचे। जहां पर पुजारी ईश्वर नेताम, तुकाराम मरकाम और केशव नेताम ने विधि-विधान के साथ पूजा करवाई। इसके बाद सभी बरदिहा लेकव्यू पहुंचे। यहां पर उनके विश्राम की व्यवस्था थी। यही पर टीम के सदस्यों ने गंगरेल बांध के डूब प्रभावित गांवों की जानकारी ली। गंगरेल बांध के विस्तार और जल संग्रहण क्षमता की जानकारी एकत्रित की। इसके बाद वे गंगरेल बांध के कंट्रोल रूम पहुंचे और वहां बने बांध के मॉडल को देखकर बांध की जानकारी एकत्रित की। गंगरेल बांध के बाद टीम के सदस्य माड़मसिल्ली बांध चले गए। वहां पर भी बांध और पानी संग्रहण की जानकारी लेकर टीम लौट गई।

उल्लेखनीय है कि महानदी के जल उपयोग का डेटा काफी पुराना है, जिसके आधार पर जल उपयोग संबंधी कोई निर्णय नहीं दिया जा सकता। न्यायाधिकरण के अधिकारी अब महानदी के जल उपयोग सहित अन्य प्रकार का डेटा जुटाने में लगे हैं। इसी सिलसिले में टीम के सदस्य धमतरी पहुंचे थे।

# गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने पर कांग्रेस ने पीएम का पुतला फूंका

- महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए यह फैसला गरीबी में आटा गीला जैसा है : तारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यालय में एकत्रित हुए और बढ़ती महंगाई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली की शक्ल में गांधी मैदान पहुंचे, जहां प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 60 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपये की वृद्धि से आम जनता विशेषकर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि पहले से महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए यह फैसला गरीबी में आटा गीला जैसा है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस आम परिवारों की दैनिक जरूरत है और कीमत में लगातार बढ़ोतरी से गृहिणियों का बजट बिगड़ रहा है।

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है और आम जनता परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए आम लोगों पर आर्थिक बोझ डाल रही है। कांग्रेस नेताओं ने गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमत को तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान गुरुमुख सिंह होरा, लेखराम साहू, लक्ष्मी ध्रुव, शरद लोहाना, मोहन लालवानी, आनंद पवार, सलीम रोकड़िया, आलोक जाधव, गोपाल शर्मा, अरविंद दोशी, सूर्यप्रभा चेटियार, सूर्याराव पवार, वसीम कुरैशी, एल.एल. ध्रुव, शकील अहमद गुड्डा, रमेशर साहू, योगेश शर्मा, महिम शुक्ला, नरेंद्र सोनवानी, राजा देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शराब दुकान के पीछे सजी थी बावनपरियों की महफिल

# 9 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



आमदी शराब दुकान के पीछे जुआ का एक बड़ा फड़ सजा था। पुलिस ने दबिश देकर 9 जुआरियों से 35 हजार नगद जब्त किए। इसके अतिरिक्त 7 मोबाइल और 52 ताशपत्ती भी बरामद की गई है।

धमतरी जिले में जुआ, सट्टा, अवैध शराब एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक धमतरी के निर्देशन में जिलेभर में लगातार विशेष अभियान चलाकर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम आमदी स्थित शराब दुकान के पीछे कुछ व्यक्ति ताश पत्ती के माध्यम से रूपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। मौके पर 9 व्यक्ति आम जगह जुआ खेलते मिले। उनके कब्जे से नगद 23 हजार 100 रुपये और 35 हजार कीमत के 7 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। कुल कीमत 58,100 रुपये आंकी गई है।

गिरफ्तार आरोपियों में शेखर साहू ग्राम भानपुरी, द्वारिका साहू आमदी, टिमेश साहू आमदी, सोमेश्वर पटेल भेंडरवानी, धनेश्वर चंदेल ग्राम पलारी, टीकम महार ग्राम परसतराई, गोकुलराम साहू ग्राम परसतराई, पवन कुमार सतनामी ग्राम पलारी, भूपेन्द्र सेन रत्नाबांधा शामिल हैं।




## खबर संक्षेप

### बाजार में टमाटर 8 रुपए किलो में बिका

**जगदलपुर।** रंगपंचमी के बाद भी सब्जी बाजार में रौनक नहीं लौटी है, जिससे किसानों और व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है। थोक मंडियों में आवक बढ़ने के कारण टमाटर 8 रुपए किलो में बिक रहा हैं। बाजार में लोकल टमाटर रायपुर भेजा जा रहा है, जबकि बाहर से प्रतिदिन लगभग 10 ट्रक शहर में पहुंचता था। बाजार में मटर 40, फूलगोभी 40, पत्तागोभी 20, भिंडी 80, आलू 20, प्याज 30, भट्टा 50, मुनगा 50, करेला 50 रूपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी, प्याज भाजी 20 रूपए में 3 जूड़ी बिक रही है।

### क्रिकेट प्रतियोगिता में इनवीनसिबल डायनामाइट विजेता, रॉयल उपविजेता

**जगदलपुर।** चन्देया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल लालचर्च द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी इंटर डिनॉमिनेशन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लालचर्च मैदान में मुख्य अतिथि रेव्ह. लारेन्स दास एवं विशिष्ट अतिथि जे. बेचक, रजनीन्द डेनियल, रत्नेश बेंजमिन की उपस्थिति में हुआ। मैच का फाइनल में समाज के प्रमुख पदाधिकारी के बीच आज मैच का फाइनल मैच हुआ। मैच का फाइनल में टास रायल बायज टीम ने जीता और फिल्डिंग का फैसला लिया। इनवीनसिबल डायनामाइट ने बैटिंग का फैसला लिया। क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल संचालन सोशल कमेटी के अध्यक्ष मनीष सीरिल एवं उनकी टीम से हुआ। कमेंट्री बॉक्स में अभिषेक कालेट ने अपनी सेवाएं दी, स्कोरर के रूप में दिलीप अमोलिक, डेनियल स्वामी रहे। अंपायर के रूप में भवानी, विकी परिहार टूनामेंट में लगभग 25 टीमों ने भाग लिया।

### भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ में रंजीत बने प्रदेश सह-संयोजक

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार के तहत सहकारिता क्षेत्र में सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने की प्रक्रिया के अंतर्गत भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ में नई नियुक्ति की गई है। प्रदेश नेतृत्व द्वारा रंजीत पांडेय को सहकारिता प्रकोष्ठ का प्रदेश सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। सहकारिता क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय रहते हुए रंजीत पांडेय ने विभिन्न संस्थाओं में अपनी सेवाएं दी हैं। संगठन ने उनके अनुभव और सक्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। सहकारिता से जुड़े विषयों पर उनकी पकड़ और लंबे समय से संगठन के साथ जुड़ाव को इस नियुक्ति का प्रमुख आधार माना जा रहा है।

### 12 वर्ष पुरानी स्कूल बसों का होगा पंजीयन निरस्त

**जगदलपुर।** परिवहन विभाग ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाते हुए 12 वर्ष से अधिक पुरानी स्कूल बसों का पंजीयन रद्द करने की तैयारी की जा रही है। अनफिट बसों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर जांच की जाएगी, जिसमें फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र की जांच की जाएगी। पंजीयन निरस्त होने के बाद ऐसी स्कूल बसों को सड़कों पर चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिया जाएगा कि वे बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गति और जिम्मेदारी के नियमों का सख्ती से पालन करना होगा।

---

खरीदी करने आसपास के गांवों के लोग पहुंचे, पार्किंग नहीं होने से सड़क किनारे खड़े किए वाहन

# रविवार को शहर में कई जगह लगा जाम, घंटों फंसे रहे लोग, हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र घड़ी चौक, बालक चौक, गोल बाजार और सदर बाजार में रविवार को दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए शहर पहुंचे, जिससे सड़कों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी और यातायात व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई।

रविवार को इतवारी बाजार लगने और शादी सीजन के चलते बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में ज्यादा भीड़ रही। इसके अलावा नवरात्रि पर्व नजदीक होने के कारण भी लोग खरीदारी के लिए बाजार पहुंचे। पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों ने अपने वाहन सड़क किनारे खड़े कर दिए, जिससे सड़कें संकरी हो गईं और जाम की स्थिति बन गई। इस दौरान ऑटो रिक्शा, मोटरसाइकिल, कार और साइकिल चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

खरीदारी करने पहुंचे ग्रामीण रामसेवक सोनकर, दीनदयाल सोनकर, दीनबंधु साहू, भारतलाल साहू, शत्रुघ्न साहू, जगदीश निषाद और मन्नू पटेल ने बताया कि शहर में खरीदारी करना किसी मुसीबत से कम नहीं है। भीड़ और जाम के कारण लोगों को काफी देर तक फंसे रहना पड़ता है। उन्होंने बताया कि बाजार क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग के लिए उचित व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण सड़क पर ही वाहन खड़ा करना मजबूरी बन जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि शादी का सीजन होने के कारण उन्हें बार-बार शहर आकर खरीदारी करनी पड़ती है, लेकिन जाम और भीड़ के कारण ज्यादा देर रुकना संभव नहीं हो पाता। लोगों ने यह भी कहा कि भीड़भाड़ वाले समय में यातायात व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस कर्मी भी नजर नहीं आते, जिससे स्थिति और बिगड़ जाती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि बाजार क्षेत्र में पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए और यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई जाए, ताकि लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

# बीएसएफ में चयनित हिमांगिनी का डीपेंद्र ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कंडेल निवासी उमेश-श्रीमती प्रेमीन साहू की पुत्री कुमारी हिमांगिनी साहू का सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में चयनित होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रशिक्षण में जाने से पूर्व उनके निवास पहुंचकर पूर्व प्रदेश भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य डीपेंद्र साहू ने पुष्प गुच्छ, शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीपेंद्र ने कहा कि हिमांगिनी साहू की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे कंडेल ग्राम एवं क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। हिमांगिनी ने यह साबित कर दिया है कि आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उनकी यह सफलता नारी सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण है और क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

मौके पर ब्राह्मणपारा वार्ड के पार्षद कोमल सार्वा, पंकज साहू, सरपंच गिरधर सार्वा, हेमू साहू, रविकांत साहू, धनेंद्र साहू, जितेंद्र साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# भखारा के टावेंद्र का बीएसएफ में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



नगर पंचायत भखारा निवासी टावेंद्र कुमार पिता विनोद कुमार चौरे का चयन बीएसएफ में हुआ है। उनके चयन से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। उनके सम्मान में भखारा में भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन, पार्षदगण अंजू साहू, दीनानाथ साहू, छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, खेमलता साहू, समीर गौर आदि सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित रहे। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार उन्हें दही खिलाकर शुभकामनाएं दी गईं। पुष्पवर्षा कर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। ज्योति जैन ने श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि उनका चयन बीएसएफ में होना भखारा नगर के लिए गर्व की बात है।

# विवाह के लिए समाजसेवी बघेल ने दी 11 हजार की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



क्षेत्र के समाजसेवी रामाराव बघेल द्वारा लगातार गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद कर समाज सेवा की मिसाल पेश की जा रही है। इसी क्रम में वे ग्राम सिरसिदा पहुंचे और एक निर्धन परिवार की कन्या के विवाह के लिए 11 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान कर परिवार की सहायता की।

ज्ञात हो कि सिरसिदा निवासी एक गरीब परिवार अपनी बेटी की शादी को लेकर आर्थिक परेशानी का सामना कर रहा था। इस बात की जानकारी मिलने पर समाजसेवी रामाराव बघेल स्वयं गांव पहुंचे और परिवार से मुलाकात कर उन्हें 11 हजार रुपये की सहायता राशि देकर सहयोग किया।

बताया जाता है कि समाजसेवी रामाराव बघेल शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष योगदान देते हैं। वे हर वर्ष 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित करते हैं। श्री बघेल ने कहा कि समाज में सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में सहयोग करना और पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करना समाज के विकास के लिए जरूरी है।

# प्रताप अध्यक्ष व देवानंद बने सचिव

- श्रीवास सेन समाज नगरी-सिहावा की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



श्रीवास सेन समाज क्षेत्र नगरी-सिहावा अंतर्गत उपक्षेत्र कांकेर, बस्तर, बिंद्रानवागढ़ एवं रायघर की महासभा का आयोजन ग्राम हरदीभाट स्थित सामाजिक भवन में हुई। पदाधिकारियों ने समाज के विकास और संगठन को मजबूत बनाने पर अपने विचार रखे। सचिव द्वारा समाज की आय-व्यय का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया गया।

पिछली कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद उसे भंग करते हुए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

अध्यक्ष प्रताप सिंह सुरेशा (बिरनपुर), उपाध्यक्ष कृष्णा सेन (धनोरा), सचिव देवानंद सेन (देवपुर), कोषाध्यक्ष विष्णु सेन, संरक्षक मंडल भानेंद्र सिंह सुरेशा (बिरनपुर), उदयलाल सेन (राजपुर), संगठन मंत्री धर्मेंद्र सेन (बोराई) बनाए गए। निर्णय समिति सदस्य भगवान सिंह सेन (डोंगरडुला), हेमलाल सेन (संबलपुर), योगेंद्र सेन (फरसिया), कोमल सेन (सामतरा), बनवाली सेन (नगरी), विजय सेन (उमरगांव), चैतुराम सेन (दुगली), तकेश सेन (सिहावा) एवं निर्भय सुरेशा (हरदीभाटा) चुने गए।

महासभा में समाज के युवाओं को भी संगठन से जोड़ने के उद्देश्य से युवा प्रकोष्ठ का गठन किया गया। अध्यक्ष जितेंद्र सेन (नगरी), उपाध्यक्ष मन्नू सेन (गट्टासिल्ली), सचिव योगेश सेन (देवपुर) बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में तरुण सेन, दीपक सेन, भूपेंद्र सेन शामिल हैं।

इस अवसर पर देवेन्द्र सेन, नरेंद्र सेन, भरतलाल सेन, कोमल सेन, पीलाराम सेन, केदार सेन, मोहन सुरेशा, तिलक सेन, मनोज सुरेशा, अमित सेन, मोती सेन, धनेश्वर सेन, बीरेंद्र सेन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# रावनगुड़ा में यादव समाज ने मनाया होली मिलन

- कोसरिया यादव समाज ने बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



ग्राम रावनगुड़ा में कोसरिया यादव समाज कोकड़ी पाली की समाजिक बैठक व होली मिलन कार्यक्रम हुआ। यादव समाज ने बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की। होली मिलन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। होली गीत गाते हुए नगाड़ा बजाकर खूब नाचे।

मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप यादव खर्रा, संरक्षक कृपाराम यादव नारी, संरक्षक कुमार यादव रावनगुड़ा, युवा अध्यक्ष यशवंत यादव कोकड़ी, कोषाध्यक्ष सुरेद्र यादव संकरी, सचिव होरी यादव कोकड़ी, पंच रोहित यादव खर्रा, नारायण यादव रावनगुड़ा, विजय रावनगुड़ा, समाज सेवक टुमेश यादव दर्रा, सदस्य त्रिलोक यादव, विजय यादव, शांतनु यादव, धर्मेंद्र यादव, टिकेश्वर यादव, ईश्वर, ईशु, परस, नागेश यादव, फनीष यादव शामिल हुए।

# क्षेत्र में होली मनाई गई शांतिपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



- नगाड़ों की थाप में युवा थिरके

रंगों का पर्व होली क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई। लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर पर्व की बधाई दी। कई गांवों में 2 मार्च की रात्रि में होलिका दहन किया गया। कई गांवों में 3 मार्च को होली जलाई गई। 4 मार्च को लोग रंगों से सराबोर थे। सुबह से ही बच्चे, युवा रंग गुलाल खेलते नजर आए। ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड सहित भैंसमुंडी, राजपुर, सरगी, सोनेवारा, पहंदा, भोथा, बोरसी, लड़ेर, मोहंदी, बेलोरा, सौनपैरी, बनियातोरा, करेली छोटी, मेघा, अरौद, सौंगा, हरदी, बेलौदी, सांकरा, भोथीडीह, रांकाडीह, कुंडेल, खैरझिटी मोतिमपुर, खिसोरा, हसदा, करेली बड़ी, दमका, मोहरेंगा में होली शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई। नगाड़ों की थाप में युवा थिरकते नजर आए। होली गीतों पर खूब गुलाल उड़े। घरों में महिलाएं ठेठरी, खुरमी, पूड़ी, बड़ा, मीठे पकवान बनाने में व्यस्त रही। शाम को कई गांवों में रहस निकाली गई।

# सिन्हा समाज भवन के विस्तार को मिली मंजूरी

- कक्ष और शेड निर्माण के लिए 30 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




शहर के रत्नाबांधा रोड स्थित नेहरू गार्डन के पास बने सिन्हा समाज भवन के विस्तार का रास्ता साफ हो गया है। समाज भवन में अतिरिक्त कक्ष और शेड निर्माण के लिए कुल 30 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा 20 लाख रुपये तथा नगर निगम की ओर से 10 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है।

बताया गया कि हाल ही में आयोजित सिन्हा समाज के पारिवारिक मिलन समारोह में प्रभारी मंत्री और महापौर रामू रोहरा शामिल हुए थे। उसी दौरान समाज भवन में अतिरिक्त सुविधाओं की मांग रखी गई थी, जिस पर सकारात्मक पहल करते हुए निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत कर दी गई।

महापौर रामू रोहरा ने स्वीकृति के बाद नगर निगम के इंजीनियरों को स्थल का निरीक्षण कर समाज की आवश्यकता के अनुसार निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भवन में होने वाले सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो सके।

राशि स्वीकृत होने की जानकारी मिलने के बाद सिन्हा समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि नए कक्ष और शेड बनने से समाज के कार्यक्रमों के आयोजन में काफी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर मंडलेश्वर संतोष सिन्हा, टिकेन्द्र गजेन्द्र, शेखर सिन्हा, प्रेम मगेन्द्र, हेमशंकर सिन्हा, दीपक गजेन्द्र, वामन सिन्हा, हितेन्द्र कटझरे, रामकुमार सिन्हा सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित थे।

राजाबाड़ा में होली दहन एवं फाग गीत का हुआ आयोजन

# प्रेम और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





नगर व्यवस्था समिति के तत्वावधान में राजा बाड़ा चौक एवं नगर के विभिन्न वार्डों पर में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर होली दहन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई। समस्त देवी-देवताओं का पूजन कर नगरवासियों की सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।

इसके पश्चात स्वच्छ, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक वातावरण में होली फाग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंग, अबीर-गुलाल और पारंपरिक फाग गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण बन गया। फाग गीतों की मधुर धुन पर नगरवासी झूमते हुए नजर आए।

नगर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नंद यादव ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक एकता, भाईचारा एवं पारंपरिक संस्कृति को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष दुलेश्वर गौर, सहदेव साहू, ईश्वर साहू, दीनदयाल, हेमलाल सेन, हरीश सरवा, धर्म निषाद, सचिव दीपेश निषाद, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, सह सचिव सुरेश साहू, अशोक पटेल, नोहर साहू, नरेंद्र नाग सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

अगले दिन बुधवार को नगर पंचायत द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल तिलक लगाकर गले लगाया। डीजे की धुन पर रंग-गुलाल के साथ लोग नाचते-गाते नजर आए। पूरे नगर के साथ गांव-गांव में होली का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस,पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, पूर्व नगर उपाध्यक्ष अजय नाहटा, नगर उपाध्यक्ष विकास बोहरा, महामंत्री रूपेंद्र साहू, गोलू मंडावी, पार्षद राजा पवार, शंकर देव, नरेश पटेल, देवचरण, श्री बनपेला, श्री तिवारी, रामगोपाल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नगर पंचायत के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। पर्व को देखते हुए चौक-चौराहों पर पुलिस मुस्तैद थी।

# महापौर ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए किया रवाना






हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पीएम श्री मेहतरूराम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना के छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को रायपुर के लिए रवाना किया।

विद्यालय के कक्षा छठवीं से ग्यारहवीं तक के लगभग 390 छात्र-छात्राओं को आठ बसों के माध्यम से शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया। भ्रमण के लिए रायपुर का चयन किया गया, जहां विद्यार्थी ऊर्जा पार्क, आदिवासी संग्रहालय और पुरखौती मुक्तांगन जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन करेंगे। इस भ्रमण के दौरान छात्र सांस्कृतिक विरासत, विज्ञान, खेल और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी जानकारी प्राप्त करेंगे तथा सौर, पवन और जल विद्युत ऊर्जा के वर्किंग मॉडल को भी समझ सकेंगे।

इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष विनय जैन, पार्षद भारती साहू, समिति सदस्य राजीव चन्द्राकर एवं मिथिलेश सिन्हा ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के महत्व के बारे में बताया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

यह शैक्षणिक भ्रमण संस्था के प्राचार्य रविन्द्र कुमार साहू के मार्गदर्शन तथा शिक्षकों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

## अंचल की खबरें

### भेंडरवानी में हुआ फाग गीत एवं झांकी कार्यक्रम



**अंवरी।** ग्राम भेंडरवानी (भखारा) में श्री राधे कृष्ण फाग समिति द्वारा फागगीत एवं झांकी कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद एवं एआईसीसी राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग नई दिल्ली पहुंचे। कार्यक्रम में घनश्याम साहू अध्यक्ष, बहुर साहू, अमृत दास, पूनम साहू, लालजी साहू समेत ग्रामवासी मौजूद थे।

### बीएसएफ में चयनित भूमिका का विधायक ने किया सम्मान



**धमतरी।** ग्राम रांवा की भूमिका साहू पिता पंकज साहू का सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में चयन होने पर विधायक ओंकार साहू ने उनके गृह ग्राम पहुंचकर श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि क्षेत्र की बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी मेहनत और प्रतिभा से नई ऊंचाइयां हासिल कर रही हैं। भूमिका का बीएसएफ में चयन पूरे धमतरी क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि देश की सेवा करना सबसे बड़ा कर्तव्य और सम्मान है और भूमिका जैसे युवा देश की सुरक्षा को और मजबूत करेंगे। मौके पर पूर्व सरपंच गोपालन पटेल, लालचंद साहू, जीवराज साहू, नर्सिंग साहू, धर्मेंद्र पटेल, जागृत साहू, ऋषि सिन्हा, नीलाम्बर साहू, हुलास पटेल समेत अन्य उपस्थित थे।

### सुभाषनगर वार्ड की पानी टंकी में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश



**धमतरी।** सुभाषनगर वार्ड स्थित पानी टंकी परिसर में हाल ही में हो रही घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए महापौर जगदीश रामू रोहरा, जल विभाग के सभापति अखिलेश सोनकर एवं लालबगीचा वार्ड क्रमांक 03 की पार्षद हिमानी भगवत साहू द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने पानी टंकी परिसर में गेट की व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं व्यवस्थित करने तथा नगर निगम के कर्मचारियों को वहां विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए, ताकि परिसर में हो रही घटनाओं पर नियंत्रण रखा जा सके और किसी भी अप्रिय घटना से बचाव किया जा सके। नगर निगम द्वारा यह भी कहा गया कि क्षेत्र की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से निगरानी की जाएगी, जिससे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### शिविर में 50 लोगों की हुई जांच



**धमतरी।** विवेकानंद नेत्र चिकित्सालय में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सिंधी समाज के 50 लोगों की मुफ्त में जांच की गई। ज्ञात हो कि विजय पंजवानी 45 वर्षों से अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। अब उनके साथ उनकी बिटिया डॉ वंदना पंजवानी बॉम्बे में पांच साल रहकर फेंको पद्धति से सरलतापूर्वक आंखों का ऑपरेशन व अन्य और भी बीमारी का जांच करते आ रही हैं। शिविर के समापन पर पूज्य पंचायत सिंधी समाज के अध्यक्ष चंदू जसवानी, कार्यवाहक अध्यक्ष सोनू जसूजा, रामचन्द्र वाधवानी, महेश रामरख्यानी, अमर पिंजानी, नरेश श्यामनानी एवं सिंध शक्ति महिला संगठन की पार्वती वाधवानी, प्रिया पंजवानी, रोमा राहूजा, मोना वाधवानी और शारदा चावला ने डॉ विजय पंजवानी एवं डॉ वंदना पंजवानी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### बीएसएफ में चयनित हिमांगनी का साहू समाज ने किया सम्मान



**धमतरी।** ग्राम कण्डेल में उमेश साहू की पुत्री हिमांगनी साहू का सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में चयन होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समाज के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने हिमांगनी साहू का गुलाल, तिलक, शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हिमांगनी ट्रेनिंग के लिए शुक्रवार को सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) के लिए रवाना हुई। उनके चयन से साहू समाज सहित क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। कार्यक्रम में जिला साहू समाज के अध्यक्ष गणेशराम साहू, महासचिव विजय साहू, हुलास साहू, सीमंत साहू, कमलेश साहू, राजेंद्र कुमार साहू, डॉ. गणेशप्रसाद साहू अध्यक्ष अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ, डीपेन्द्र साहू, मंजूषा साहू, केकती साहू, झर्मेंद्र कुमार साहू, टिकेश्वर साहू, जितेंद्र साहू, घनश्याम साहू, मनमोहन तेलासी, उमेश कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं सामाजिकजन उपस्थित थे।

### फाग, गायन-वादन एवं झांकी ने मोहा मन

**धमतरी।** नगर पंचायत आमदी में श्री राधाकृष्ण युवा शक्ति मंच एवं नगरवासियों के तत्वावधान में फाग, गायन-वादन एवं झांकी कार्यक्रम हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा रहे। अध्यक्षता डॉ. ज्योति मुरलीधर साहू अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी ने की। विशिष्ट अतिथि कोमल यादव उपाध्यक्ष आमदी, विजय जैन भाजपा मंडल अध्यक्ष आमदी, हेमंत माला पूर्व अध्यक्ष आमदी, तेजराम साहू पूर्व उपाध्यक्ष आमदी, उमानंद कुम्भकार सभापति आमदी थे।

पत्रकारों का सम्मान कर पेश किया विकास का रिपोर्ट कार्ड व भविष्य का खाका

# विश्व महिला दिवस पर नपा अध्यक्ष ने गिनाई अपने एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धि



#### आदर्श शहर समृद्धि योजना के तहत आगामी प्रस्ताव

ज्योति ने बताया कि आदर्श शहर समृद्धि योजना के तहत आने वाले समय में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। इनमें मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल, सीसीटीवी कैमरे, स्मार्ट ब्रेकर, लोक सेवा केंद्र, आधार सेंटर और आधुनिक ई-लाइब्रेरी भवन का निर्माण शामिल है।जल संरक्षण के लिए बाबा तालाब, वृंदावन सरोवर, जलसन और पैतू तालाब के सौंदर्यीकरण की योजना है। वहीं सामाजिक सुविधाओं के तहत पत्रकार कार्यालय, महतारी सदन, सियान सदन और विभिन्न वार्डों में रैन बसेरा बनाए जाने का प्रस्ताव है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर पत्रकारों का सम्मान किया और नगर के विकास कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि 8 मार्च 2025 को शपथ ग्रहण के बाद से कुरूद में विकास की नई तस्वीर उभर रही है, जिसे उन्होंने बदलता कुरूद की संज्ञा दी।

अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने बताया कि उनके कार्यकाल में कुरूद को नगर पालिका का दर्जा मिलना एक बड़ी उपलब्धि रही। नगर विकास के लिए राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से दुकानों की नीलामी की गई, जिससे 6 करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई। इस राशि से कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को गति मिली है। केनाल रोड से अतिक्रमण हटाकर स्वामी विवेकानंद मंगल भवन का निर्माण कराया गया, वहीं डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम उद्यान का जीर्णोद्धार भी कराया गया। साथ ही नए नगर पालिका भवन के लिए 3 एकड़ भूमि का चिन्हांकन किया गया है। खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से अटल बिहारी बाजपेयी खेल मैदान और इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री अरुण साव और विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में कुरूद के समग्र विकास को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने पत्रकारों को लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। इस दौरान पार्षद महेन्द्र गायकवाड़, रवि मानिकपुरी, राजकुमारी ध्रुव, कविता चंद्राकर, भाजपा नगर अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष धनेश्वरी निर्मलकर, महामंत्री भूमिका सिन्हा और युवा मोर्चा अध्यक्ष केशव चंद्राकर सहित कई जनप्रतिनिधि व पत्रकार मौजूद रहे।

## बोराई जांच नाका सीमा पर साल लकड़ी से भरी पिकअप पकड़ाई

- ग्रामीणों ने कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका जताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व क्षेत्र से लगे ओडिशा छत्तीसगढ़ सीमा पर कीमती सागौन और साल लकड़ी की अवैध तस्करी की आशंका सामने आई है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में देर रात पिकअप एवं अन्य वाहनों के माध्यम से जंगलों से लकड़ी निकालकर पार कराए जाने की बात स्थानीय लोगों द्वारा कही जा रही है।

शनिवार की रात्रि दो पिकअप पार हो गई वहीं एक पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 सीवी 7031 को लोगों की सूचना पर रोका गया, जिसमें लगभग 8 नग साल की लकड़ी लोड थी। वाहन को रोकने के बाद इसकी सूचना संबंधित विभाग को दी गई।

लोगों का कहना है कि ओडिशा- छत्तीसगढ़ सीमा से लगे जंगलों में लकड़ी माफिया सक्रिय हैं और सागौन व साल जैसे कीमती पेड़ों की अवैध कटाई कर रात के समय वाहनों के जरिए परिवहन किए जाने की आशंका है। यह भी बताया गया कि कई बार वाहन मुख्य मार्ग के बजाय गांव के अंदरूनी रास्तों से होते हुए लिखमा से कोटपारा मार्ग के जरिए क्षेत्र में प्रवेश करते हैं।

लोगों ने यह भी बताया कि शासन के निर्देशानुसार अभ्यारण्य क्षेत्र में शाम 6 बजे के बाद वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहता है। इसके बावजूद रात में वाहनों की आवाजाही देखी जाने की बात सामने आई है। इस संबंध में लोगों ने जांच नाका पर निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किए जाने की मांग की है। साथ ही लोगों ने रात्रि में जांच नाका बोराई में ड्यूटी कर्मचारी की मिलीभगत की आशंका व्यक्त की है। इस पूरे मामले को लेकर लोगों ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि जंगलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और अवैध लकड़ी तस्करी पर रोक लगाई जा सके।

## साहू समाज अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ की जम्बो कार्यकारिणी घोषित



- डॉ. गणेशप्रसाद बने जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला साहू संघ के अंतर्गत अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ की जम्बो कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। संरक्षक विपिन साहू, दयाराम साहू, लक्ष्मीनारायण साहू और चितरंजन साहू तथा जिला अध्यक्ष गणेश राम साहू की अनुशंसा पर डॉ. गणेश प्रसाद साहू नवागांव को अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष एवं संयोजक नियुक्त किया गया है। तेलिनसत्ती में 2 मार्च को आयोजित बैठक में नवमनोनीत पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा संगठन की वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

संरक्षक के रूप में दयालुराम साहू (जोरातराई), नंदकिशोर साहू (भोथली) और कृष्णाराम साहू (गोकुलपुर) को जिम्मेदारी दी गई है। मार्गदर्शक एवं सलाहकार मंडल में भिखारी राम साहू, जनकराम साहू, होरीलाल साहू, घनश्याम साहू, देवनाथ साहू और गणेशुराम साहू शामिल हैं।

उपाध्यक्ष टिकेश्वर साहू, गजानन साहू, दिनेश कुमार साहू, जीवन लाल साहू, तुमनचंद साहू और नरेंद्र कुमार साहू बने। महासचिव मनोज कुमार साहू, सचिव भोजराम साहू, सहसचिव रविंद्र कुमार साहू, संगठन सचिव किशोर कुमार साहू, प्रचार सचिव सोहनलाल साहू और कोषाध्यक्ष नीलकंठ बनपेला को नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा विभिन्न तहसीलों के प्रभारी तथा कार्यकारिणी सदस्य और महिला पदाधिकारियों को भी संगठन में जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बैठक में समाज को संगठित कर सामाजिक, शैक्षणिक और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

## प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरसता का दिया संदेश



- बेलरगांव में कुंभकार समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

कुंभकार समाज परिक्षेत्र सिहावा का होली मिलन समारोह ग्राम बेलरगांव में हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत हरि विष्णु की पूजा-अर्चना के साथ की गई। जोहनराम प्रजापति को सभापति मनोनीत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में समाज के प्रमुखजनों एवं अतिथियों ने होली पर्व के महत्व और विशेषताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला, जहां लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

इस अवसर पर कुंभकार समाज को मिलने वाली शासकीय योजनाओं पर चर्चा की गई। समाज के लोगों से अपील की गई कि वे ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों से समन्वय बनाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और शासन-प्रशासन द्वारा प्रदान किए जा रहे अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। आगामी बैठक 15 मार्च को ग्राम पंचायत परखंदा विकासखंड कुरूद में होगी। मौके पर छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज के प्रदेश सलाहकार कैलाश नाथ प्रजापति, प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश प्रजापति, महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती हेमलता प्रजापति, धमतरी जिला कुंभकार समाज के पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार प्रजापति, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ सदस्य इंद्रेश घाटे, जिला प्रतिनिधि कमलेश प्रजापति, केंद्र प्रधान सिहावा मनोज प्रजापति सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे।

## महिलाएं सामाजिक व आर्थिक रूप से मजबूत हों



- जोरातराई में महतारी सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महतारी सम्मेलन का आयोजन ग्राम जोरातराई में किया गया। अतिथि गौकरण साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष, श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद, श्रीमती ज्योति जैन नगर पंचायत भखारा, श्रीमती सिंधु बैस महिला बाल विकास समिति की सभापति, श्रीमती पूजा सिन्हा जिला पंचायत सदस्य, आनंद साहू जनपद सदस्य जपं कुरूद, श्रीमती पूर्णिमा साहू सरपंच जोरातराई, ईश्वर निषाद उप-सरपंच, रामस्वस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जपं कुरुद, श्रीमती कुलेश्वरी गायकवाड़ जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती ललिता भतपहरी व श्रीमती गंगा साहू जनपद सदस्य जपं कुरूद, श्रीमती गौतमी पटेल व श्रीमती भूपेश्वरी चंदेल पार्षद नगर पंचायत भखारा, परियोजना अधिकारी श्रीमती सरिता कुशवाहा थे। सरिता कुशवाहा परियोजना अधिकारी द्वारा विभाग में चल रही योजनाओं की जानकारी दी गई। अतिथियों ने महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। 6 माह पूर्व हुये बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। अतिथियों द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से लाभान्वित जोड़े को विवाह का प्रमाण-पत्र वितरत किया। महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा प्राप्त 1000 राशि का सदुपयोग मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से बताया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं का बीपी, शुगर व खून की जांच की गई। साथ ही बस्तर में संचालित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के उद्बोधन को एलईडी के माध्यम से ऑनलाइन सुनाया गया।

## दीपक भारतीय बौद्ध समाज के बने जिलाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भारतीय बौद्ध जिला शाखा धमतरी के अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया 1 मार्च को दानीटोला वार्ड स्थित आंबेडकर भवन में हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद त्रिशरण और पंचशील का सामूहिक पाठ किया गया, जिसके पश्चात चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिला अध्यक्ष दीपक वैद्य, महासचिव राकेश रंगारी और कोषाध्यक्ष हेमंत रामटेके निर्वाचित हुए। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भोजराज गौर खेड़े, नेशनल ट्रस्टी एस.आर. कांडे, नेशनल ट्रस्टी अलका ताई बोरकर, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सेंद्रे, राज्य सदस्य नरेंद्र बोरकर, प्रदेश महासचिव बेनीराम गायकवाड़ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के समानता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के विचारों तथा बुद्ध के करुणा संदेश को आगे बढ़ाते हुए समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

## डीएसपी में चयन के बाद अब यूपीएससी में भी सफलता, डायमंड ने बढ़ाया जिले का मान

- ग्राम परसवानी के युवा को यूपीएससी में 623वीं रैंक, पहले ही प्रयास में सीजीपीएससी में 13वीं रैंक पाकर बने थे डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



विकासखंड के ग्राम परसवानी के डायमंड सिंह ध्रुव ने देश की सबसे प्रतिष्ठित संघ लोक सेवा आयोग सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। घोषित परिणाम में उन्हें अखिल भारतीय स्तर पर 623वीं रैंक प्राप्त हुई है। खास बात यह है कि उनका सीजी पीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर डीएसपी चयन हुआ था। अब डायमंड सिंह ध्रुव ने यूपीएसी में सफलता हासिल कर उन्होंने अपनी प्रतिभा और मेहनत का एक और नया अध्याय लिख दिया है। उनकी उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ संकल्प, निरंतर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण से किसी भी ऊंचाई को हासिल किया जा सकता है।

#### 25 वर्ष की उम्र में डीएसपी पद पर चयन अब यूपीएससी में भी सफलता

महज 25 वर्ष की उम्र में डायमंड सिंह ध्रुव ने पहली ही कोशिश में सीजी पीएससी परीक्षा में 13वीं रैंक हासिल की और डीएसपी कैटेगरी में तीसरा स्थान प्राप्त कर पुलिस सेवा में चयनित हुए। उन्होंने बताया कि सीजी पीएससी में चयन होने पर दस्तावेजों के सत्यापन एवं अन्य प्रक्रिया हाल ही में पूरी हुई। पोस्टिंग होनी बाकी है। इसके बाद उन्होंने अपने लक्ष्य को और आगे बढ़ाते हुए यूपीएसी की तैयारी जारी रखी। पांचवें अटेम्ट में अब 623वीं रैंक प्राप्त कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

#### साधारण परिवार असाधारण उपलब्धि

डायमंड सिंह ध्रुव मगरलोड क्षेत्र के ग्राम परसवानी के निवासी हैं। उनके पिता स्व. बलराम सिंह ध्रुव मगरलोड जनपद पंचायत में अधिकारी के पद पर कार्यरत थे, जिनका निधन हो गया है। उनकी मां एक शासकीय विद्यालय में शिक्षिका हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और इसी संस्कार ने डायमंड को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

#### बचपन से ही प्रशासनिक सेवा का सपना

डायमंड सिंह बचपन से ही पढ़ाई में अत्यंत मेधावी रहे हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शिशु मंदिर मगरलोड से प्राप्त की और बाद में रेडियंट पब्लिक स्कूल माना से हाईस्कूल की पढ़ाई पूरी की। छात्र जीवन के दौरान ही उन्होंने प्रशासनिक सेवा में जाने का लक्ष्य तय कर लिया था और उसी दिशा में लगातार मेहनत करते रहे।

#### हमेशा पॉजिटिव रहें

चर्चा करते हुए डायमंड ध्रुव ने बताया कि असफलता पर कभी भी हताश नहीं होना चाहिए। यदि पढ़ाई में रुचि नहीं है तो अन्य और कई फील्ड है लेकिन हमेशा व्यक्ति को पॉजिटिव भी रहना चाहिए। सफलता असफलता जीवन में लगी रहती है।

#### युवाओं के लिए प्रेरणा

डायमंड सिंह की यह सफलता जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने यह साबित किया कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच से बड़े से बड़ा लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है।

## राज्यसभा सांसद प्रत्याशी फूलो देवी से विधायक ओंकार ने की मुलाकात

**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने राज्यसभा सांसद प्रत्याशी फूलो देवी नेताम के नामांकन से पूर्व विधानसभा में विधायक साथियों के साथ आत्मीय मुलाकात की। विधायक श्री साहू ने कहा कि फूलो देवी नेताम का सामाजिक और जनसेवा से जुड़ा अनुभव राज्यसभा में प्रदेश की आवाज को मजबूती से उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने



विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व और अनुभव से प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से रखा जाएगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### आंबा कार्यकर्ता और सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 20 मार्च तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद के तहत नगर पंचायत कुरूद के वार्ड क्रमांक 15 वंदेमातरम् वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-16 में कार्यकर्ता और मरौद सेक्टर के ग्राम पंचायत भाठागांव स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-01 में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए 20 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद ने बताया कि संबंधित वार्ड अथवा ग्राम की निवासी महिला इन पदों पर भर्ती के लिए आवेदन कर सकती हैं।

### हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं महिलाएं : पूजा



**धमतरी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर युवा मोर्चा जिला कन्या शक्ति की संयोजिका पूजा यादव ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनकी शक्ति, साहस व समर्पण समाज को नई दिशा दे रहा है। आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, तकनीक और सामाजिक क्षेत्र सहित हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाएं स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। लखपति दीदी योजना और महतारी वंदन योजना जैसी योजनाएं भी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ड्रोन दीदी जैसी पहल से महिलाएं आधुनिक तकनीक अपनाकर खेती से जुड़ी सेवाएं देकर सम्मानजनक आय अर्जित कर रही हैं।

### खपरी को मिली विकास की सौगात



■ 39 लाख के चार निर्माण कार्य स्वीकृत

**धमतरी।** जनपद पंचायत धमतरी क्षेत्र क्रमांक 14 अंतर्गत ग्राम खपरी में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए 39 लाख रुपये के चार महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिली है। जनपद पंचायत के सभापति अग्रवाल (अमन) साहू ने बताया कि इन कार्यों से गांव में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। गांधी चौक के समीप 1500 वर्गफीट क्षेत्र में 10 लाख रुपये की लागत से कांक्रीटीकरण कर चौक का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। द्वारिका साहू के घर से सुरेंद्र साहू के खेत की ओर 12 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण होगा। इसके अलावा सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों के लिए नए कक्ष निर्माण हेतु 7 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। गांधी चौक के पास 10 लाख से सार्वजनिक शेड का निर्माण भी किया जाएगा। श्री साहू ने कहा कि क्षेत्र के हर गांव तक विकास की किरण पहुंचाना उनका लक्ष्य है और स्वीकृत कार्य ग्राम खपरी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निर्माण कार्य कराने की बात भी कही।

मुख्यमंत्री ने बस्तर से हितग्राहियों से किया सीधा संवाद हुआ

# सीएम ने पूछा : महतारी वंदन योजना राशि का सदुपयोग कैसे कर रही हैं

**हितग्राही नीतू ने बताया : दो बेटियों के खाते में प्रतिमाह 500-500 रू जमा कर रही**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में महतारी वंदन महिला सम्मान उत्सव कार्यक्रम रामू रोहरा महापौर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। बस्तर में आयोजित कार्यक्रम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रीमती नीतू साहू ग्राम श्यामतराई धमतरी से सीधा संवाद करते हुए उन्होंने पूछा कि महतारी वंदन योजना राशि का क्या सदुपयोग किया जा रहा है जिस पर उन्होंने कहा कि उक्त राशि को मैं अपने दो बेटियों के खाते में प्रतिमाह 500-500 रू जमा कर रही हूं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने किया। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी महेशराम मरकाम ने विभागीय प्रतिवेदन पढ़ा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि महिलाओं को सिर्फ 8 मार्च को ही महिला दिवस नहीं मनाना चाहिए बल्कि पूरे वर्ष उन्हीं का दिन होना चाहिए। मोनिका देवांगन ने कहा कि महिलाएं छोटी-छोटी बचत कर आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर हो रही हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा कि देश को स्वतंत्र कराने में महिलाओं का योगदान रहा है साथ ही विकसित भारत 2047 बनाने अहम भूमिका रहेगी।





**सम्मान महिलाओं का अधिकार नहीं बल्कि उनका हक है : रोहरा**

मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने कहा कि महिलाओं को जो सम्मान आज मिल रहा है, वह उनका अधिकार नहीं बल्कि उनका हक बनता है, जहां महिलाओं का सम्मान होता है वहां सफलता प्राप्त होती है। महिलाएं स्वच्छता दीदी से लेकर लड़ाकू विमान तक चला रही हैं। साईबर विषय पर विकास द्विवेदी, महिलाओं की मानसिक स्थिति पर काउंसलर श्रीमती सरला द्विवेदी ने जानकारी दी। शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा नाटक के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की प्रस्तुति दी गई।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं हुईं सम्मानित**

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शिक्षा विभाग से प्रीति शांडिल्य, श्रीमती रंजीता साहू, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. प्रिया कंवर, समाज कल्याण विभाग से श्रीमती विजय लक्ष्मी, पुलिस विभाग से श्रीमती अनसुईया धुव का सम्मान किया गया। स्कूटी दीदी कार्यक्रम अंतर्गत हेलमेट प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला पंचायत किट वितरण एवं महिला स्व सहायता समूह को ऋण वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छग महिला कोष अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह एवं सक्षम योजना अंतर्गत लोन वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परिवहन विभाग द्वारा ड्राईविंग लाइसेंस बनाया गया।

इस दौरान मुख्यमंत्री का बस्तर से सीधा प्रसारण का श्रवण किया गया। कार्यक्रम में गजेंद्र सिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, श्रीमती जगरानी एक्का जिला कार्यक्रम अधिकारी, महेश राम मरकाम जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, आनंद पाठक जिला बाल संरक्षण अधिकारी, अनामिका शर्मा महिला संरक्षण अधिकारी, श्रीमती प्राची शर्मा, श्रीमती उषाकिरण चन्द्राकर, श्रीमती प्रियंका गंजीर, श्रीमती ऊषा ठाकुर, नीलम साहू पर्यवेक्षक एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## होली मिलन में खूब उड़ा रंग, गुलाल





■ कहार भोई समाज ने महिला दिवस पर किया वरिष्ठ समाजजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

होली मिलन पर कहार भोई समाज ने वरिष्ठ महिला और पुरूष सदस्यों का सम्मान किया। इस दौरान जमकर रंग गुलाल उड़े। नगाड़े और साउंड सिस्टम पर बज रहे होली के गानों पर समाजजन खूब थिरके।

रंग पंचमी के अवसर पर रविवार को अंबेडकर वार्ड स्थित कमल विहार कुर्मी भवन में छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज धमतरी राज ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भी कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें श्री शक्तिपुंज महिला समिति का भरपूर सहयोग रहा। दोपहर करीब 1 बजे समाजजनों ने कुल देवी मां कन्हाई परमेश्वरी की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौरा जगदीश रामू रोहरा थे। अध्यक्षता नगर निगम सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने की। विशिष्ट अतिथि पोस्ट ऑफिस वार्ड पार्षद श्रीमती चंद्रभागा साहू और अंबेडकर वार्ड पार्षद कुलेश सोनी थे। कार्यक्रम में समाजजनों ने एक दूसरे पर जमकर रंग गुलाल उड़ाए। भोजन के बाद उत्साह और बढ़ गया, जहां पर समाजजनों ने होलियाना गानों में जमकर डांस किया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष नितिन बनवासी, सचिव चंद्रहास कोषाध्यक्ष आनंद गौतम, प्रकाश नागवंशी, सरफ कश्यप, सीमा चौबे, अनीता सोनी, ईश्वरी मानस, संजय बनवासी, मिथिलेश भोयर आदि उपस्थित थे।

**इनका हुआ सम्मान**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में समाज की वरिष्ठ महिलाओं और पुरूषों का सम्मान किया गया जिनमें सुभद्रा बनवासी, सुशीला यमराज, शांताबाई कश्यप, प्रमिला धुमकेतु, बसंती कौशल, शीतला गौतम, अनीता बनवासी, मुन्नी गौतम, लल्ला गौतम, गोपाल बनवासी, रामखिलावन कौशल, महेश, मोहन धूमकेतु, अरूण चौधरी, पंकज नायक, सतीश चौधरी, शत्रुघन, बसंत औसर, राजेंद्र अवसर, प्रीतलाल यमराज, नागेंद्र नायक, उर्वशी कहार, शशि, अनामिका चौधरी, सीता गौतम, कविता बनवासी शामिल हैं।

## इस वर्ष 4000 ज्योति प्रज्ज्वलित करने का लक्ष्य

■ चैत्र नवरात्रि की तैयारी को लेकर मां अंगारमोती ट्रस्ट की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल स्थित आदिशक्ति मां अंगारमोती मंदिर में आगामी चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारी को लेकर ट्रस्ट की बैठक अध्यक्ष जीवराखन मरई की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि नवरात्रि के सुचारु संचालन के लिए प्रशासनिक समिति, क्रय समिति, भंडार समिति, जोत समिति, पूजा समिति और निगरानी समिति सहित विभिन्न समितियों का गठन किया गया तथा उनके प्रभारी भी नियुक्त किए गए।

ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने बताया कि इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से प्रारंभ होगी। नवरात्रि को लेकर मंदिर परिसर, ज्योति कक्ष, भवन तथा माता मंदिर की साफ-सफाई और रंग-रोगन का कार्य किया जा रहा है। श्रद्धालुओं द्वारा जोत कलश प्रज्ज्वलित करने के लिए पंजीयन भी शुरू कर दिया गया है। तेल ज्योति के लिए 1201 रुपए और घृत ज्योति के लिए 1501 रुपए शुल्क पूर्व की तरह निर्धारित किया गया है। इस वर्ष नवरात्रि में 4000 ज्योति प्रज्ज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है। जोत प्रज्ज्वलन 19 मार्च को संध्या 5 बजे से प्रारंभ होगा।





उन्होंने बताया कि इस बार माता मंदिर का जीर्णोद्धार कर नए डिजाइन में निर्माण किया जा रहा है, जिससे नवरात्रि में मंदिर का नया स्वरूप श्रद्धालुओं को देखने को मिलेगा।

नवरात्रि के दौरान बढ़ती गर्मी और धूप को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। शुद्ध पेयजल, महिलाओं के लिए प्रसाधन, शिशुवती माताओं के लिए शिशुपान कक्ष और श्रद्धालुओं के विश्राम के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। बिजली, पानी और स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भी समिति द्वारा कार्ययोजना तैयार की गई है। आदिवासी गोंड समाज के युवा प्रभाग को विशेष जिम्मेदारी दी गई है, जो पूरे नवरात्रि के दौरान ज्योति की देखरेख, साफ-सफाई, मंदिर की व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन, श्रद्धालुओं को पेयजल उपलब्ध कराना, कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और सेवा दल के भोजन-जलपान की व्यवस्था में सहयोग करेंगे। समाज के पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के लोगों के साथ एक-एक दिन माता के दरबार में सेवा देने पहुंचेंगे।

बैठक में माधव ठाकुर, डॉ. एआर ठाकुर, नरोत्तम ठाकुर, ओंकार नेताम, ढालूराम ध्रुव, देवानंद नेताम, उदय नेताम, गणेश्वर ध्रुव, नारायण ध्रुव, ठाकुर राम नेताम, मानसिंह मरकाम, शशि ध्रुव, गीता नेताम, नंदा ध्रुव, अनीता ध्रुव, बुधंतीन नेताम, अर्जुन कोर्राम, राजेन्द्र ध्रुव, तिजेन्द्र कुंजाम, बंटी मरकाम, दिग्विजय ध्रुव, युवराज ध्रुव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। ट्रस्ट अध्यक्ष श्री मरई ने बताया कि महाष्टमी पूजा के बाद इस वर्ष भी विराट भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में जुटे धमतरी नगर के स्वयंसेवक**

## संघ के स्वयंसेवकों ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रंगपंचमी के अवसर पर 8 मार्च को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नगर इकाई द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शाम 4 बजे नगर में निवासरत संघ के पदाधिकारी और स्वयंसेवक संघ कार्यालय में एकत्रित हुए तथा एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर संघचालक रामलखन गजेन्द्र थे। अध्यक्षता वरिष्ठ स्वयंसेवक निर्मल बरडिया ने की। मुख्य वक्ता प्रांत सह सेवा प्रमुख छत्तीसगढ़ मोहनलाल साहू थे।

अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ स्वयंसेवक निर्मल बरडिया ने उपस्थित बाल, प्रौढ़ और बुजुर्ग स्वयंसेवकों को होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक है। मुख्य वक्ता मोहनलाल साहू ने होली पर्व पर बजने वाले गीतों को लेकर समीक्षात्मक विचार रखे। उन्होंने कहा कि आजकल होली के अवसर पर प्रचलित कुछ फिल्मी गीत हमारे धर्म और संस्कृति से दूर ले जाने वाले तथा अश्लीलता को बढ़ावा देने वाले हैं। इसके विपरीत छत्तीसगढ़ के पारंपरिक फाग गीत जैसे मन डोले रे माघ फगुनवा हमारी संस्कृति, प्रकृति और लोकजीवन के प्रति प्रेम को अभिव्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि पहले होली का उत्सव लगभग 40 दिनों तक चलता था। गांव-गांव में नगाड़ों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ लोग फाग गीत गाते हुए चौक-चौराहों पर उत्सव मनाते थे। लेकिन अब यह उत्सव सीमित होकर केवल एक दिन तक रह गया है और कई लोग इसे हुड़दंग, मस्ती और नशापान से जोड़कर देखने लगे हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि इन बुराइयों से दूर रहकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होली मनाएं। साथ ही उन्होंने संघ के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला। उद्बोधन पश्चात संघ की प्रार्थना एवं ध्वज प्रणाम किया गया तथा अल्पाहार का आयोजन रखा गया। अंत में संघ कार्यालय के बाहर स्वयंसेवकों ने नगाड़ा और ऑक्टोपैड बजाकर तथा होली गीत गाकर रंग-गुलाल के साथ उत्सव मनाया और एक-दूसरे को गुलाल का टीका लगाकर होली पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर नगर सह संघचालक महेश शर्मा एवं राजिम विभाग सह कार्यवाह घनश्याम साहू, जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर, नगर सह कार्यवाह रवि शर्मा, विजय ठाकुर, जिला व्यवस्था प्रमुख योगेंद्र यादव, कोमल सार्वा, डॉ. सेवन साहू, योगेश गांधी, नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिस्ट, शैलेश चंद्राकर, रौनित सहारे, दिनेश पटवा, मुकुंद सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे। इसी प्रकार 4 मार्च को होली के दिन शिवाजी प्रभात शाखा और दानवीर भामाशाह प्रभात शाखा में भी स्वयंसेवकों द्वारा होली पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया।



## प्रोजेक्टर स्क्रीन लगाकर क्रिकेट प्रेमियों ने देखा टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला शुरू होते ही धमतरी में भी क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह चरम पर था। अहमदाबाद में शाम 7 बजे से शुरू हुए इस हाईवोल्टेज मुकाबले को देखने के लिए शहर में कई स्थानों पर विशेष इंतजाम किए गए।

इंडोर स्टेडियम आमातालाब रोड स्थित परिसर में ओम लक्ष्मी फाउंडेशन के वेदप्रकाश साहू की पहल पर प्रोजेक्टर स्क्रीन लगाकर मैच का सीधा प्रसारण किया गया। यहां बड़ी संख्या में युवा और खेलप्रेमी तिरंगा लेकर टीम इंडिया का हौसला बढ़ाने पहुंचे। जैसे ही भारतीय बल्लेबाजों ने शानदार शुरुआत की, दर्शकों में उत्साह दोगुना हो गया।





मैदान में चौके-छक्के लगते ही दर्शकों की जोरदार तालियों और भारत माता के जयकारों से पूरा माहौल गूंज उठा। कई स्थानों पर पटाखे फोड़कर भी खुशी जताई गई। क्रिकेट प्रेमियों का कहना है कि फाइनल मुकाबले का रोमांच बड़े पर्दे पर देखने का अलग ही आनंद है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष शुभांक मिश्रा ने बताया कि टीम इंडिया को समर्थन देने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकत्रित हुए। शहर में देर रात तक उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

### गुरुकुल विद्यासागर स्कूल लोहरसी में विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह

**धमतरी।** गुरुकुल विद्यासागर स्कूल लोहरसी में विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलेक्ट्रिक विभाग भानुप्रतापपुर (जिला कांकेर) के सेवानिवृत्त सेक्शन ऑफिसर वीरेंद्र कुमार गजबिए थे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे देश के भविष्य हैं और आने वाले समय में इन्हीं में से कोई मंत्री, कलेक्टर, डॉक्टर, शिक्षक या देश की सीमा का रक्षक बनेगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर 21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

मंडियों में सस्ती हुई हरी सब्जियां : ग्राहकों की भीड़ बढ़ी, किसान चिंतित

# सब्जियों की भरपूर आवक से गिरे दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के बाजारों में इन दिनों हरी सब्जियों की जबरदस्त आवक से दाम में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। स्थानीय और बाहरी मंडियों से बड़ी मात्रा में सब्जी पहुंचने के कारण कई के भाव काफी कम हो गए हैं। सस्ती सब्जियों से जहां ग्राहकों में खुशी का माहौल है, वहीं किसानों और कुछ व्यापारियों में चिंता भी दिखाई दे रही है, क्योंकि कई सब्जियों का लागत मूल्य तक निकलना मुश्किल हो रहा है।



सब्जी व्यवसायी कीर्तन पटेल और दयानंद पटेल ने बताया कि इन दिनों लोकल आवक के साथ-साथ बाहर से भी प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक सब्जियां बाजार में पहुंच रही हैं। इससे बाजार में सब्जियों की भरमार हो गई है और कीमतें नीचे आ गई हैं जिससे बाजारों में रौनक भी बढ़ गई है।

व्यापारियों का कहना है कि यदि इसी तरह आवक बनी रही तो आने वाले दिनों में सब्जियों के दाम और भी कम हो सकते हैं। हालांकि किसानों के लिए यह स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है।

**सब्जियों के ताजा भाव**

इतवारी बाजार की व्यवसायी गणेशिया बाई सोनकर के अनुसार रविवार को भटा 20, गाजर 40, कुंदरु 60, करेला 60, बरबटी 60, भिंडी 40, ग्वारफली 60, कद्दू 30, टमाटर 10, गोभी 40, मुनगा 100, हरी मिर्च 100, केला 30, पत्तागोभी 30, डोड़का 40, तोरई 50, कोचई 60, धनिया 50, मूली 30, ढेंस 80, लौकी 20, परवल 60, कटहल 60, सेमी 20 से 30, नवलगोल 20, मटर 25 से 30 और मेथी भाजी 60 रुपये किलो बिकी। किराना बाजार में आलू 15, प्याज 25, शक्कर 45, गुड़ 55, खड़ी हल्दी 200, खड़ी मिर्च 230, धनिया 130, जीरा 280, काली मिर्च 800, लहसुन 140, रिफाइंड तेल पाउच 120, सरसों 90, मेथी दाना 80 रुपये किलो बिका। अरहर दाल 120, मूंग दाल 100, उड़द दाल 110, मसूर दाल 90, काबुली चना 100, देसी चना 75, सफेद मटर 60, हरा मटर 100 और चना दाल 85 रुपये किलो रही। पोहा 50 और खड़ा मसूर 80 रुपये किलो रहा। अंडा इस सप्ताह 65 रुपये दर्जन रहा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020